पुस्तकालय

3299
17/4/13

सत्यमेव जयते

असंशोधित

13 APR 2013

# बिहार विधान–सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

(भाग–2 कार्यवाही प्रश्नोत्तर रहित)

बि0स0मु0(एल0ए0वादवृत्त),184–डी0टी0पी0–1,500

प्रतिवेदन शाखा
पै०स०प्रे०सं०...105...तिथि...17/5/13

5. मुंगिला, रूकुनपुरा, जिनपुरा अरवल जिलान्तर्गत है, जिसका विद्युतीकरण राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के 12वीं योजना में किया जाना है । इसके लिये डी0पी0आर0 बनाया जा रहा है । डी0पी0आर0 की स्वीकृति के उपरांत कार्य किया जायेगा ।

शेष अविद्युतीकृत, आंशिक विद्युतीकृत गाँव-टोले का विद्युतीकरण राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के पूरक डी0पी0आर0 के तहत किया जाना है । पटना जिले का पूरक डी0पी0आर0 स्वीकृत हो चुका है । निविदा की कार्रवाई प्रगति पर है । अरवल जिले का डी0पी0आर0 बनाया गया है । समीक्षोपरांत इसे स्वीकृति हेतु भेजा जाना है ।

महोदय, कार्रवाई हो रही है, इसलिये माननीय सदस्या से आग्रह है कि वे कृपया अपना प्रस्ताव वापस ले लें ।

अध्यक्ष : बहुत ही सकारात्मक जवाब मिला है उषा विद्यार्थी जी । क्या आप अपना प्रस्ताव वापस लेंगी ?

श्रीमती उषा विद्यार्थी : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं अपना प्रस्ताव लेती हूं लेकिन.....

अध्यक्ष : सदन की सहमति से माननीय सदस्या श्रीमती उषा विद्यार्थी जी का प्रस्ताव वापस हुआ ।

क्र0सं0 136 : श्रीमती लेशी सिंह, स0वि0स0

श्रीमती लेशी सिंह : अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करती हूं कि

"यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि वह पूर्णियां जिलान्तर्गत सरसी एन0एच0 107 से भाया चिकनी, बरहकोना बैगना बहेलिया स्थान, सहरा, भूड़ी होते ककरजान, मजरा, चपय होकर फारियानी एन0एच0-31 तक जाने वाली पथ को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण करे ।"

श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री : महोदय, वर्त्तमान में पथ निर्माण विभाग द्वारा सड़क अधिग्रहण नहीं करने का निर्णय लिया गया है । आगे यदि अधिग्रहण की कार्रवाई होगी तो इस पथ को प्राथमिकता मिलेगी ।

अतः माननीय सदस्या से आग्रह है कि अपना संकल्प वापस ले लें ।

अध्यक्ष : क्या माननीय सदस्या लेशी जी, आप अपना प्रस्ताव वापस लेंगी ?

श्रीमती लेशी सिंह : माननीय मंत्री जी के सकारात्मक जवाब के आलोक में मैं अपना संकल्प वापस लेती हूं ।

अध्यक्ष : सदन की सहमति से माननीय सदस्या श्रीमती लेशी सिंह जी का प्रस्ताव वापस हुआ ।

क्र0सं0 137 : श्री केदार नाथ सिंह, स0वि0स0

श्री केदार नाथ सिंह : अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि

"यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि वह बासदेव सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज, मशरख को सम्बन्धन की कार्रवाई करे ।"